उत्तराखण्ड शासन

# उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

नवाड़खेड़ा, गौलापार, हल्द्वानी (नैनीताल)

05946-299615, 05946-299616, 05946-299617

Mail Id- highereducatin.director@gmail.com

पत्रांक–डिग्री सेवा/ विविध/5414/2024–25 दिनांक 28 जनवरी, 2025

## संशोधित विज्ञप्ति

## प्रेस विज्ञप्ति

## (भक्त दर्शन पुरस्कार विषयक)

शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु शासनादेश संख्याः 60/XXIV-C-2/2020-39(02)19 उच्च शिक्षा अनुभाग–2 देहरादून, दिनांकः 10 जनवरी, 2020 के क्रम में 05 विशिष्ट क्षेत्रों (विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य प्रबन्धन एवं विधि, साहित्य भाषा एवं संस्कृति, अभियांत्रिकी एवं चिकित्सा शिक्षा) में ऐसे उत्कृष्ट शिक्षक जिन्होंने शिक्षण, अनुसंधान/ वैज्ञानिक कार्य एवं नवोन्मेषी तकनीकों से उच्च शिक्षा का प्रसार करते हुए शिक्षण कार्यों में आ रही समस्याओं का निराकरण के अभिनव प्रयास किये हो, को **"भक्त दर्शन उच्च शिक्षा गौरव पुरस्कार"** प्रदान किया जाना है। पुरस्कार हेतु उत्तराखण्ड राज्य के शासकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, तकनीकी विश्वविद्यालय एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नियमित रूप से कार्यरत शिक्षक, जो कि नियमावली में उल्लिखित योग्यता पूर्ण करते हों, से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र संबंधित संस्था के संस्थाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/कुलपति की संस्तुति सहित **दिनांकः 10 फरवरी, 2025** तक आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र का प्रारूप उच्च शिक्षा विभाग की बैवसाइट **https://www.he.uk.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त बैवसाइट से निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड कर आवेदन पत्र समस्त संलग्नकों सहित संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा), क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय, देहरादून को प्रेषित करें। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 10 फरवरी, 2025 है।

निधारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(डॉ0 अन्जु अग्रवाल)
निदेशक, उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड हल्द्वानी, नैनीताल।